**Gratuity benefits given by Mines Owners in Private Sector**

9955. SHRI D B. CHANDRA GOWDA: Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) the amount of gratuity benefits given by the mine owners in the Private Sector after the closure of coal mines and retrenchment; and

(b) the steps taken by Government to compel the mine owners to pay gratuity to such unemployed workers?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI G. VENKATSWAMY): (a) and (b). Information is being collected It will be laid on the Table of the Sabha in due course.

**मध्य प्रदेश गंधक युक्त कोयले को निकालना**

9956. श्री गंगा चरण दीक्षित क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश में गंधक युक्त कोयले को वाणिज्यिक स्तर पर निकालने के लिए कोई योजना बनाई है, और

(ख) क्या सरकार का विचार इस किस्म के कोयले को प्रशोधित सिंथेटिक में परिवर्तित करने के लिए 'पायलट प्लान्ट' स्तर पर व्यवहार्यता अध्ययन में सहायता देने का है?

इस्पात और खान मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुबोध हसदा) (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

**मध्य प्रदेश में कर्मचारी भविष्य निधि योजना**

9957. श्री गंगा चरण दीक्षित क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या मध्य प्रदेश में बहुत से संस्थानों में कर्मचारी भविष्य निधि योजना को उस तारीख से लागू नहीं किया गया है जिससे किया जाना चाहिए था परन्तु इसके विपरीत इस योजना को वहां बाद की तारीख से लागू किया गया और इस प्रकार मालिक कर्मचारी भविष्य निधि के उत्तरदायित्व से माफ बच गये?

श्रम और पुनर्वास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री जी० वेंकटस्वामी): भविष्य निधि प्राधिकारियों द्वारा सूचना एकत्र की जा रही है। यह यथासमय सदन की मेज पर रख दी जायेगी।

**लूम्बा समिति की सिफारिशों को रूड़केला इस्पात संयंत्र में लागू करना**

9958. श्री गंगा चरण दीक्षित: क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या लूम्बा समिति की सिफारिशें रूड़केला इस्पात संयंत्र में पूरी तरह से लागू कर दी गई है, और

(ख) यदि नहीं, तो किन-किन सिफारिशों को अभी वहां क्रियान्वित किया जाना है?

इस्पात और खान मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुबोध हसदा) (क) और (ख). राउरकेला इस्पात कारखाने ने समिति की सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए कार्रवाई कर ली है।

**मध्य प्रदेश में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के नये अस्पताल खोलना**

9959. श्री गंगा चरण दीक्षित क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश राज्य में नये अस्पताल खोलने के लिए केन्द्रीय सरकार ने कोई धन दिया है,

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में उक्त योजना के लिए कितना धन दिया है, और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**श्रम और पुनर्वास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री जी० वेंकटस्वामी)** कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने निम्नलिखित सूचना भेजी है –

(क) और (ख) कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने 19,96,400/- रु० की अनुमानित लागत से ग्वालियर मे कर्मचारी-क्वार्टरों सहित 75 पलगों वाले एक कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल के निर्माण की स्वीकृति दी है जिसमे से अप्रैल मे 10 लाख रुपये की राशि राज्य सरकार को दी गई थी।

(ग) प्रश्न नही उठता।

### मध्य प्रदेश में हड़तालें और तालाबन्दी की घटनायें

9960. **श्री गंगा चरण दीक्षित :** क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या गत तीन वर्षों मे मध्य प्रदेश राज्य मे बहुत अधिक हडतालें और तालाबन्दी की घटनाएं हुई हैं,

(ख) क्या मध्य प्रदेश मे श्रम आन्दोलनो मे सबसे अधिक श्रमिको ने भाग लिया, और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस स्थिति के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

**श्रम और पुनर्वास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री जी० वेंकटस्वामी)** (क) सभा पटल पर रखा विवरण, राज्यवार 1970, 1971 और 1972 के दौरान औद्योगिक विवादो की संख्या (हडतालें और तालाबंदिया) अन्तर्ग्रस्त श्रमिको की संख्या और नष्ट हुए श्रम-दिनो की संख्या के सम्बन्ध में उपलब्ध सूचना का सारांश देता है, 1972 के सम्बन्ध मे आकडे अंतिम हैं। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या LT—5039/73]

(ख) उपलब्ध सूचनानुसार, ऐसा नही है।

(ग) प्रश्न नही उठता।

### Supply of steel to Private Units

9961. **SHRI D. K. PANDA :** Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) the names and location of units in private sector who have received 100 tonnes or more of steel materials during the last four quarters ;

(b) the quantities received by each such unit in each quarter separately ;

(c) the percentage of supplies/the quantities recommended for priority by sponsoring authorities in respect of each such unit quarter-wise ; and

(d) the number of sponsored applications in each quarter to whom no allocation was made by Steel priority committee ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SUBODH HANSDA): (a) to (d). Information is being collected and will be laid on the Table of the House

### Ground rent in Chittaranjan Park, New Delhi

9962. SHRI CHANDRIKA PRASAD : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether the rate of ground rent levied in Chittaranjan Park rehabilitation colony, New Delhi is on the high side in comparison with those affluent Government employees housing cooperative colonies in South Delhi ;

(b) if so, whether Government have considered the desirability of re-fixing the ground rent at a lower rate in cost of acquisition of land in the above rehabilitation colony ; and

(c) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI RAGHUNATHA REDDY) : (a) The rate of ground rent in Chittaranjan Park for